दैनिक भास्कर 30/03/2023

# उद्यमशील जीडीपी बढ़ाने में दे सकता है सहयोग : डॉ. चावला




अम्बाला | जीएमएन कॉलेज ने डीजीएचई के सहयोग से राष्ट्रीय नीति 2020 के तहत भारत में उद्यमशीलता की संभावना विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने चीफ गेस्ट डायरेक्टर एमएसएमई डॉ. संजीव चावला का स्वागत किया। सेमिनार के संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुंडू ने सेमिनार के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। चीफ गेस्ट ने बताया कि किस तरीके से एक उद्यमशील अपने देश की जीडीपी को बढ़ाने में सहयोग दे सकता है। बीज वक्ता प्रो. तेजेंद्र शर्मा (अध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, पीयू) ने उद्यमशीलता और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रथम तकनीकी सत्र में लगभग 20 प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता डॉ. राहुल तनेजा (वैज्ञानिक पेटेंट सूचना केंद्र विज्ञान व तकनीकी विभाग हरियाणा) ने बौद्धिक संपदा अधिकार पर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने विभिन्न प्रकार के ट्रेडमार्क और रजिस्टर करवाने की प्रक्रिया के बारे में बताया। मुख्यातिथि डॉ. कुलदीप चिकारा (वाणिज्य विभाग, एमडीयू रोहतक) ने उद्यमशीलता विकास के महत्व को एनईपी 2020 के मद्देनजर रखते हुए समझाया। डॉ. कृष्ण कुमार पुनिया (डायरेक्टर, हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट हरियाणा सरकार) ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर प्रकाश डाला। प्रो. पिंकी गुप्ता (सह संयोजिका) ने सेमिनार की रिपोर्ट प्रस्तुत की।